आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक :06.05.2025 समय : 02.10PM

बोर्ड रिजल्ट

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सुबह 10 बजे परीक्षा परिणाम घोषित जारी किए। 10वी का रिजल्ट 76.22 प्रतिशत रहा, वहीं 12वीं में 74.48 फीसदी बच्चे पास हुए। सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 10वी में प्रदेश में पहले स्थान पर रही, उन्होंने 500 में से 500 अंक हासिल किए। वहीं कक्षा 12वी की परीक्षा में साइंस-मैथ्स संकाय में मैहर जिले के अमरपाटन के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रियल द्विवेदी ने 492 नंबर के साथ प्रदेश की मेंरिट में प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सभी छात्र छात्राओं को अच्छे परीक्षा परिणाम की बधाई थी, वहीं असफल प्रतिभागियों से कहा कि वे निराश न हों।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की चेयरमैन स्मिता भारद्धाज का कहना है की एमपी बोर्ड परीक्षा में असफल होने वाले छात्रों को एक और मौका दिया जाएगा। यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत दी जा रही है। जिसमे अब 10वीं और 12वीं के वे छात्र जो असफल रहे हैं या अपने अंकों में बढ़ोत्तरी करना चाहते हैं, वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे।

गुना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस बार जिले के परीक्षा परिणाम में सुधार आया है। कक्षा 10वीं के परिणाम में राघौगढ़ के नवीन मॉडल स्कूल के छात्र शैलेन्द्र धाकड़ ने जिले का नाम रोशन करते हुए प्रदेश स्तर पर आठवीं रैंक हासिल की। सागर के बीना की सुमबुल खान ने 10वी में प्रदेश में 5 वा स्थान हासिल किया है। पन्ना के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कला समूह के छात्र रंजीत कुमार पटेल ने 12वीं में प्रदेश की प्रविण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

गृह-नागरिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने कल नागरिक सुरक्षा संबंधी तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए मॉक ड्रिल करने के लिए राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को कहा था। गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया। यह अभ्यास ग्रामीण स्तर तक किये जाने की योजना है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली के असर, भारतीय वायु सेना के साथ हॉटलाइन या रेडियो संचार लिंक का संचालन करना और नियंत्रण कक्षों की क्रियाशीलता का परीक्षण करना है।

इस अभ्यास में शत्रु देशों के हमले की स्थिति में खुद का बचाव करने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना शामिल है। प्रदेश में भी कल मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के 5 शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में तेज आवाज के सायरन सुनाई देगे।

एनएसए- प्रधानमंत्री बैठक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इससे पहले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भी श्री मोदी के साथ एक बैठक की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ भी अलग-अलग बैठकें हुई।

संक्षिप्त

- शिवपुरी जिले में कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए पोर्टल पर आवेदन 31 मई तक किए जा सकते हैं।

- आगरमालवा जिले के आजीविका समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की कल लगाई गई प्रदर्शनी, सह विक्रय स्टॉल का कलेक्टर, सीईओ सहित जिला अधिकारियों ने अवलोकन कर सराहना की।
- पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के तहत आज बैतूल जिले के भैंसदेही के हेमराज लोखंडे को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भोपाल रेफर किया गया।
- छिंदवाड़ा में 8 मई से त्रिदिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा।